



# तत्त्वार्थसूत्र

## परिचय - पुनरावर्तन

## मूलसूत्र

हितोपदेशी वीतरागी

**मोक्षमार्गस्य नेतारं भेत्तारं कर्मभूभृताम्।**

**ज्ञातारं विश्वतत्त्वानां वन्दे तद्गुणलब्धये॥**

सर्वज्ञ प्रयोजन - भावना

# श्रुतज्ञान का वर्णन, उत्पत्ति का क्रम तथा उसके भेद

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥

अर्थ – [ श्रुतम् ] श्रुतज्ञान [ मतिपूर्वं ] मतिज्ञान पूर्वक होता है, अर्थात् मतिज्ञान के बाद होता है, वह श्रुतज्ञान [ द्व्यनेकद्वादशभेदम् ] दो, अनेक और बारह भेदवाला है।

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - उत्पत्ति का क्रम

- व्यजंनावग्रह → अव्यक्त ज्ञान → अर्थावग्रह → व्यक्त ज्ञान
- ईहा → अधिक जानने की इच्छा
- अवाय → निश्चय अथवा निर्णय
- धारणा → स्मरण
- श्रुतज्ञान → उत्तर तर्कणा [ मन के अवलम्बन मतिज्ञान के द्वारा जाने हुए विषय के सम्बन्ध में विचार ]

विशुद्धता की वृद्धि

# अध्याय १: सूत्र २० - श्रुतज्ञान का वर्णन, उत्पत्ति का क्रम तथा उसके भेद

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - मतिज्ञान और श्रुतज्ञान में अंतर

| विषय | मतिज्ञान | श्रुतज्ञान |
|---|---|---|
| बहिरंग निमित्त | मन एवं इन्द्रिय | मन |
| अंतरंग निमित्त | मतिज्ञानावरणीय + वीर्यांतराय कर्म का क्षयोपशम | श्रुतज्ञानावरणीय + वीर्यांतराय कर्म का क्षयोपशम |
| ज्ञान का प्रकार | क्रमिकज्ञान | मुख्य-गौण ज्ञान |
| भेद-प्रभेद | नहीं जानता | जानता है |
| विशुद्धता | श्रुतज्ञान से कम | मतिज्ञान से ज्यादा |
| उहापोह | श्रुतज्ञान से कम | मतिज्ञान से ज्यादा |
| अनुभव | मतिपूर्वक श्रुतज्ञान | मतिपूर्वक श्रुतज्ञान |

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - श्रुतज्ञान के भेद के प्रकार

- अक्षरात्मक और अनक्षरात्मक
- भावश्रुत और द्रव्यश्रुत
- स्वार्थप्रमाण और परार्थप्रमाण

# अध्याय १: सूत्र २० - श्रुतज्ञान का वर्णन, उत्पत्ति का क्रम तथा उसके भेद

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - अक्षरात्मक और अनक्षरात्मक

- श्रुतज्ञान
  - अक्षरात्मक
    - वाचक [ शब्द ]
    - वाच्य [ पदार्थ ]
  - अनक्षरात्मक
    - पर्यायज्ञान [ सबसे जघन्य ज्ञान ]
    - पर्यायसमास [ सबसे जघन्य ज्ञान से अधिक ज्ञान ]

# अध्याय १: सूत्र २० - श्रुतज्ञान का वर्णन, उत्पत्ति का क्रम तथा उसके भेद

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - भावश्रुत और द्रव्यश्रुत

- श्रुतज्ञान
  - भावश्रुत
    - भावआगम
    - वाच्य [ पदार्थ ] = आत्मानुभूति
  - द्रव्यश्रुत [ द्रव्यआगम = २ भेद ]
    - अंगप्रविष्ट [ १२ अंग = १२ भेद ]
    - अंगबाह्य [ १४ प्रकीर्णक = अनेक भेद ]

# अध्याय १: सूत्र २० - श्रुतज्ञान का वर्णन, उत्पत्ति का क्रम तथा उसके भेद

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - भावश्रुत और द्रव्यश्रुत

| | | |
|---|---|---|
| द्रव्यश्रुत | अंगप्रविष्ट [ १२ अंग ] [1] | आचारांग, सूत्रकृतांग, स्थानांग, समवायांग, व्याख्या प्रज्ञप्ति अंग, ज्ञातृ धर्म कथा अंग, उपासकाध्ययनांग, अन्त:कृत दशांग, अनुत्तरौपपादिक दशांग, प्रश्न-व्याकरणांग, विपाक-सूत्रांग, दृष्टिवादांग |
| | अंगबाह्य [ १४ प्रकीर्णक ] [1] | सामायिक, चतुर्विंशति-स्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, वैनयिक, कृति-कर्म, दश-वैकालिक, उत्तराध्ययन, कल्प्य व्यवहार, कल्प्याकल्प्य, महाकल्प्य, पुण्डरीक, महापुण्डरीक, निषिद्धिका |

[1] पं. चेतनदासजी कृत तत्त्वार्थसार वचनिका का हिन्दी अनुवाद, अध्याय १ सूत्र २०।

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - भावश्रुत और द्रव्यश्रुत

**दृष्टिवादांग** [१]

- **परिकर्म** – चन्द्र प्रज्ञप्ति, सूर्य प्रज्ञप्ति, जम्बुद्वीप प्रज्ञप्ति, द्वीप-सागर प्रज्ञप्ति, व्याख्या प्रज्ञप्ति
- **सूत्र** – ८८,००,००० पदों द्वारा ३६३ मिथ्या-वादियों का कथन
- **प्रथमानुयोग** – ५,००० पदों द्वारा ६३ शलाका पुरुषों का वर्णन
- **पूर्वगत** – १४ पूर्व
- **चुलिका** – जलगता, थलगता, मायागता, रूपगाता, आकाशगता

[१] पं. चेतनदासजी कृत तत्त्वार्थसार वचनिका का हिन्दी अनुवाद, अध्याय १ सूत्र २०।

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - भावश्रुत और द्रव्यश्रुत

पूर्वगत [ १४ पूर्व ][१]

उत्पाद पूर्व, आग्रायणीय पूर्व, वीर्यानुवाद पूर्व, अस्ति-नास्ति प्रवाद पूर्व, ज्ञान प्रवाद पूर्व, सत्य प्रवाद पूर्व, आत्म प्रवाद पूर्व, कर्मप्रवाद पूर्व, प्रत्याख्यान पूर्व, विद्यानुवाद पूर्व, कल्याणवाद पूर्व, प्राणावाद पूर्व, क्रियाविशाल पूर्व, त्रिलोक विन्दुसार

[१] पं. चेतनदासजी कृत तत्त्वार्थसार वचनिका का हिन्दी अनुवाद, अध्याय १ सूत्र २०।

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - भावश्रुत और द्रव्यश्रुत

प्रथम श्रुतस्कंध उदगमस्थान [२]

दूसरा आग्रायणीय पूर्व → ५वाँ वस्तु अधिकार → ४थाँ महाकर्म प्रकृति नामक प्राभृत

[२] सोनगढ़ से प्रकाशित समयसार का उपोदघात

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - भावश्रुत और द्रव्यश्रुत

| द्वितीय श्रुतस्कंध उदगमस्थान [२] | पांचवाँ ज्ञानप्रवाद पूर्व → १०वाँ वस्तु अधिकार → ३रा समय नामक प्राभृत |
| --- | --- |

[२] सोनगढ़ से प्रकाशित समयसार का उपोदघात

## श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥ - स्वार्थप्रमाण और परार्थप्रमाण

| स्वार्थप्रमाण | परार्थप्रमाण |
|---|---|
| ज्ञानस्वरूप है | वचनरूप है |
| पांचों ज्ञान स्वार्थप्रमाण | श्रुतप्रमाण स्वार्थ-परार्थ - दोनों रूप है: इसलिए वह ज्ञानरूप और वचनरूप है |
| - | श्रुत उपादान है और वचन उसका निमित्त है |
| - | विकल्प का समावेश वचन में हो जाता है |
| - | श्रुतप्रमाण का अंश नय है |

## सूत्र ११ से २० तक का सिद्धान्त

- जीव को सम्यग्दर्शन होते ही सम्यक्मति और सम्यक्श्रुतज्ञान होता है।
- सम्यग्दर्शन कारण है और सम्यग्ज्ञान कार्य, ऐसा समझना चाहिए।
- यह जो सम्यक्मति और श्रुतज्ञान के भेद दिए गए हैं, वे ज्ञान की विशेष निर्मलता होने के लिये दिए गए हैं;

## सूत्र ११ से २० तक का सिद्धान्त

- उन भेदों में अटककर राग में लगे रहने के लिए नहीं दिए गए हैं;
- इसलिए उन भेदों का स्वरूप जानकर जीव को अपने त्रैकालिक अखण्ड अभेद चैतन्यस्वभाव की ओर उन्मुख होकर निर्विकल्प होने की आवश्यकता है ॥२० ॥







# तत्त्वार्थसूत्र

## अध्याय १ सूत्र २०

## आगे की विषय-वस्तु....

| विषय-वस्तु | सूत्र क्रमांक | कुल सूत्र |
|---|---|---|
| अब सम्यग्ज्ञान के भेद कहते हैं -- | ९ | १ |
| कौन से ज्ञान प्रमाण है ? | १० | १ |
| परोक्ष एवं प्रत्यक्ष प्रमाण के भेद | ११-१२ | २ |
| मतिज्ञान के दूसरे नाम | १३ | १ |
| मतिज्ञान की उत्पत्ति के समय निमित्त - | १४ | १ |
| मतिज्ञान के क्रम के भेद तथा उनका स्वरूप | १५-१९ | ५ |
| श्रुतज्ञान का वर्णन, उत्पत्ति का क्रम तथा उसके भेद | २० | १ |

# आगे की विषय-वस्तु....

| विषय-वस्तु | सूत्र क्रमांक | कुल सूत्र |
|---|---|---|
| अवधिज्ञान का वर्णन | २१ | १ |
| क्षयोपशम निमित्तक अवधिज्ञान के भेद तथा उनके स्वामी | २२ | १ |
| मन:पर्ययज्ञान के भेद | २३ | १ |
| ऋजुमति और विपुलमति में अंतर | २४ | १ |
| अवधिज्ञान और मन:पर्ययज्ञान में विशेषता | २५ | १ |
| मति , श्रुत , अवधि , मन:पर्यय , केवलज्ञान का विषय | २६-२९ | ४ |
| एक जीव के एक साथ कितने ज्ञान हो सकते हैं ? | ३० | १ |



# जिनवाणी स्तुति